**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक देश की जीडीपी दर 7 दशमलव 4 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आर्थिक सर्वेक्षण को एतिहासिक दस्तावेज बताया।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–हमीरपुर में 11 विभागों के साथ स्थापित होगा अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने जलजीवन मिशन के तहत केन्द्र की आवश्यक शर्तों को जल्द पूरा करने के जलशक्ति विभाग को दिए निर्देश।
- राज्य पथ परिवहन निगम के तकनीकी कर्मचारी संगठन ने निगम की कार्यशाला के निजीकरण के फैसले का जताया विरोध।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### आर्थिक सर्वेक्षण

देश में वित्त वर्ष 2025–26 में वास्तिवक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026–27 में वृद्धि दर छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी–––––

**वीओ––– आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025–26 में वृद्धि की मजबूत गति को बनाए रखा है। पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें घरेलू मांग का महत्वपूर्ण योगदान है। निजी उपभोग और पूंजी निर्माण से वृद्धि को समर्थन मिल रहा है, जबकि आपूर्ति पक्ष में सेवाओं का योगदान प्रमुख बना हुआ है। विनिर्माण गतिविधि मजबूत हुई है और कृषि क्षेत्र ने स्थिरता प्रदान की है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश का हाल का आर्थिक प्रदर्शन दर्शाता है कि वैश्विक उथल–पुथल के बावजूद व्यापक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि को बनाए रखा जा सकता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्तार मूल्यत सूचकांक पर आधारित कुल महंगाई दर घटकर एक दशमलव सात प्रतिशत रह गई है, जिसका मुख्य कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में सुधार रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बने रहने का अनुमान है। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।**

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने संसद में पेश केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत–2047 के संकल्प को पूरा करने वाला एक एतिहासिक दस्तावेज करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि सर्वेक्षण में दर्शाई गई जीडीपी वृद्धि दर और राजकोषीय स्थिरता ये स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले एक दशक में मजबूत नीतिगत ढांचा तैयार किया है। जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से बैंकिंग क्षेत्र की मजबूती और मुद्रा स्फिति पर प्रभावी नियंत्रण की सराहना की है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष ने आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य और संगठनात्मक विषय पर चर्चा की।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि डॉक्टर राधाकृष्णन चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सेंटर में मरीजों की सुविधा के लिए 11 नए विशेषज्ञ विभाग स्थापित किए जाएंगे जो कैंसर रोगियों को विशेष सुविधाएं प्रदान करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रणालीगत स्क्रीनिंग, रोकथाम, निगरानी, रिकार्डिंग और समय पर जांच की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल 2 सौ 64 बिस्तरों की क्षमता वाला ये केन्द्र कैंसर रोगियों की जांच व उपचार में समर्पित होगा।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने जलशक्ति विभाग को जलजीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार की आवश्यक शर्तों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में कैपेसिटी बिल्डिंग एंड टैक्नोलॉजिकल इंटरवेंशन इन जल शक्ति विभाग विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि जलजीवन मिशन से संबंधित फंड से जुड़े मामलों को जलशक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के समक्ष उठाया जाएगा। संजय गुप्ता ने जलशक्ति विभाग में डिजिटल बुनियादी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए पेपर लैस डिजिटल कार्यशैली को अपनाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने जनसमस्याओं के निवारण और सीएम हैल्पलाईन पर आने वाली शिकायतों का शीघ्र निवारण सुनिश्चित करने को भी कहा।

**सिकंदर**

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में पर्यटन विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन द्वारा किया जाता है। राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि देश में स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2 प्वांईट जीरों के नाम का नया रूप दिया गया है।

**मांग**

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम तकनीकी कर्मचारी संगठन ने निगम की कार्यशालाओं के निजीकरण के फैसले के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान संघ के राज्य अध्यक्ष पूर्ण चंद ने बताया कि निजीकरण के जरिए कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है और संगठन इस मामले को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। उन्होंने सरकार से कार्यशालाओं के निजीकरण के फैसले को वापिस लेने की मांग की है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ट्राई ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में आज एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ट्राई के अधिकारियों ने शिकायत निवारण और साईबर सुरक्षा के संबंध में की गई विभिन्न पहलों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में करीब 4 सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें आईटीआई के छात्र, कर्मचारी, ट्राई में पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के सदस्य और स्थानीय लोग शामिल रहे।

**अनुराग**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने स्पोटर्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हमीरपुर में 30 लाख रूपए की लागत से बने अत्याधुनिक स्पोर्टस जिम का आज शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम युवाओं को नशा, अपराध और आत्मविनाशक आदतों से दूर रखता है और टीम भावना व अनुशासन में वृद्धि करता है। इस बीच अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए हिमाचल में युवा चेंज मेकर अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि युवा वैबसाईट पर जाकर पंजीकरण कर इस अभियान से जुड़ सकते हैं।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक देश की जीडीपी दर 7 दशमलव 4 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आर्थिक सर्वेक्षण को एतिहासिक दस्तावेज बताया।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–हमीरपुर में 11 विभागों के साथ स्थापित होगा अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने जलजीवन मिशन के तहत केन्द्र की आवश्यक शर्तों को जल्द पूरा करने के जलशक्ति विभाग को दिए निर्देश।
- राज्य पथ परिवहन निगम के तकनीकी कर्मचारी संगठन ने निगम की कार्यशाला के निजीकरण के फैसले का जताया विरोध।